श्रीजी की शोभायात्रा निकाली

निर्वाण लाडू अर्पित, मोक्ष कल्याणक के साथ पंचकल्याणक महोत्सव का समापन

निज संवाददाता

भोपाल, 2 जुलाई. जवाहर चौक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहा पंचकल्याणक महामहोत्सव गुरुवार को मोक्ष कल्याणक के साथ सम्पन्न हुआ. सुबह 6:18 बजे भगवान आदिनाथ के मोक्ष कल्याणक का आयोजन हुआ, जिसके साथ ही पूरा परिसर जयघोष और मंगल ध्वनियों से गूंज उठा.

श्रद्धालु भक्ति में डूबकर भगवान के मोक्ष गुणों का स्मरण करते नजर आए. इस अवसर पर विधि-विधान से मोक्ष कल्याणक पूजा संपन्न हुई और श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू अर्पित किए. इसके बाद हवन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान हुए. धर्मसभा में मुनिश्री संभवसागर जी महाराज ने भगवान आदिनाथ के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने मानव जीवन को दिशा देने वाली जीवन पद्धति का उपदेश दिया, जिससे अनगिनत लोगों का कल्याण हुआ. समारोह में महापौर मालती राय भी शामिल हुईं. उन्होंने मुनिश्री के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और कहा कि शहर में धर्म की ऐसी परंपराएं निरंतर चलती रहनी चाहिए. सुबह 9:30 बजे श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए

चातुर्मास की तैयारियां, प्रशासन ने दिया सहयोग का भरोसा

भोपाल, 2 जुलाई. आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के संभावित चातुर्मास को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं. पंचायत कमेटी ट्रस्ट भोपाल के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय और नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन से मुलाकात कर व्यवस्थाओं पर चर्चा की. बैठक में स्वच्छता, यातायात, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर विस्तार से विचार हुआ।

टैलेंट सर्च ट्रायल्स में उमड़ी खेल प्रतिभाएं

खेल प्रतिनिधि

भोपाल, 2 जुलाई. खेल एवं युवा कल्याण विभाग की टैलेंट सर्च 2026-27 चयन प्रक्रिया के तहत प्रदेशभर में चल रहे ट्रायल्स में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. अभियान का मकसद उभरती खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें राज्य खेल अकादमियों में प्रशिक्षण का मौका देना है. शुरुआती चरण के ट्रायल्स में कई जिलों से बड़ी संख्या में बालक और बालिका खिलाड़ी पहुंचे. विभाग के मुताबिक अब तक शूटिंग, हॉकी, बैडमिंटन, तीरंदाजी, जूडो, कुश्ती, रोइंग, फेंसिंग और घुड़सवारी समेत कई खेलों के ट्रायल्स पूरे हो चुके हैं. चयन के दौरान खिलाड़ियों की फिटनेस, तकनीकी क्षमता और खेल से जुड़ी जरूरी खूबियों का परीक्षण अनुभवी कोच और चयनकर्ताओं की निगरानी में किया गया. आगामी दिनों में एथलेटिक्स, ट्रायथलॉन, बॉक्सिंग, क्याकिंग एवं केनोइंग, ताइक्वांडो, बैडमिंटन, हॉकी और तीरंदाजी सहित अन्य खेलों के ट्रायल्स भी तय कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किए जाएंगे.

अभ्यास नहीं, साइंस भी बनाती है चैंपियन

एक्सरसाइज साइंस में मास्टर्स प्रशिक्षक खेलों का दे रहे प्रशिक्षण

कंचन शिवपुरिया

भोपाल, 2 जुलाई. मैदान में घंटों पसीना बहाना किसी खिलाड़ी की सफलता की गारंटी नहीं है. सही ट्रेनिंग, फिटनेस और शरीर की जरूरत के हिसाब से खानपान, मानसिक तैयारी और समय पर रिकवरी भी उतनी ही जरूरी है. यही वजह है कि टीटी नगर स्टेडियम स्थित स्पोर्ट्स साइंस सेंटर अब खिलाड़ियों की तैयारी को सिर्फ अभ्यास तक सीमित नहीं रखता, बल्कि विज्ञान की मदद से उनकी पूरी परफॉर्मेंस पर काम कर रहा है.

सेंटर के प्रमुख डॉ. जेंस थॉमस ने नवभारत को बताया कि आज का खिलाड़ी तभी लंबे समय तक अच्छा प्रदर्शन कर सकता है, जब उसकी तैयारी वैज्ञानिक तरीके से हो.

डॉ. थॉमस का कहना है कि हर खिलाड़ी की ताकत, कमजोरी और शरीर की क्षमता अलग होती है. ऐसे में सभी के लिए एक जैसी ट्रेनिंग असरदार नहीं हो सकती. पहले खिलाड़ी का शारीरिक और मेडिकल आकलन किया जाता है, फिर उसी के अनुसार उसकी ट्रेनिंग, डाइट और रिकवरी का प्लान तैयार होता है. सेंटर में स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी, न्यूट्रिशन, फिजियोलॉजी, फिजियोथेरेपी, वीडियो एनालिसिस और बायोमैकेनिक्स जैसे अलग-अलग क्षेत्र के विशेषज्ञ एक साथ काम करते हैं.

उन्होंने कहा कि स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग से जुड़े प्रशिक्षकों ने एक्सरसाइज साइंस में मास्टर्स किया है. उनकी जिम्मेदारी सिर्फ जिम तक सीमित नहीं होती, बल्कि खिलाड़ियों की स्पीड, ताकत, स्टैमिना और शरीर की लचक पर भी वैज्ञानिक तरीके से काम किया जाता है.

चोट से बचाव, जल्दी रिकवरी और बड़े मुकाबलों से पहले शरीर पर पड़ने वाले दबाव को भी लगातार मॉनिटर किया जाता है. यहां मेडिकल जांच और खेल के अनुसार अलग-अलग फिटनेस टेस्ट भी किए जाते हैं. इनमें स्टैमिना, ताकत, गति और शरीर की लचक की जांच शामिल रहती है.

कई राज्यों की टीमें साइंस सेंटर की कार्यप्रणाली को समझ रहे

डॉ. थॉमस ने बताया कि स्पोर्ट्स साइंस सेंटर की पहल वर्ष 2017 में एक टीम के तौर पर हुई. उनके अनुसार उस समय राज्य स्तर पर इस तरह की व्यवस्था लगभग नहीं थी. अब कई राज्यों की टीमें भोपाल स्पोर्ट्स साइंस सेंटर आकर इसकी कार्यप्रणाली को समझने की कोशिश करती हैं. उनका मानना है कि मध्यप्रदेश के खेलों में बेहतर प्रदर्शन के पीछे कोचिंग, सरकारी सहयोग, स्पोर्ट्स साइंस का साथ और प्रतिभाओं की पहचान की बेहतर प्रक्रिया जैसी कई वजह हैं. उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में इस तरह की वैज्ञानिक सुविधाएं सिर्फ शीर्ष खिलाड़ियों तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि जमीनी स्तर तक भी पहुंचेंगी.

एक नजर में

वर्षा ऋतु का कविताओं से किया स्वागत

भोपाल, 2 जुलाई. अखिल भारतीय साहित्य परिषद, भोपाल इकाई के तत्वावधान में संस्कृति भवन के सभागार में काव्य संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें वर्षा ऋतु का काव्यमय अभिनंदन किया गया. कार्यक्रम में जयपुर से पधारे डॉ इंदुशेखर तत्पुरुष तथा प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव की उपस्थिति विशेष रही. डॉ. नुसरत मेहदी, डॉ. हरिवल्लभ शर्मा और अशोक व्यास ने ग़ज़लों और कविताओं के जरिए प्रेम, आध्यात्म और संवेदनाओं के विविध रंग प्रस्तुत किए.

'पालक महासंघ' के प्रदेश अध्यक्ष बने कमल

भोपाल, 2 जुलाई. राजधानी के हिंदी भवन में पालक महासंघ की बैठक हुई, जिसमें पांचवीं बार कमल विश्वकर्मा को महासंघ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया. यह नियुक्ति संगठन के संरक्षक पूर्व शिक्षा मंत्री दीपक जोशी, महेश अग्रवाल एवं अवदेश तिवारी की उपस्थिति में सभी सर्वसम्मति से की गई. बैठक में प्रबोध पंड्या, सुनीति तिवारी, आईए खान, डॉ. धरणेन्द्र जैन, आरएस नरवर, दीपेश विजयवर्गीय, प्रीतम दांगी, शिवराज ओझा, नरेंद्र भार्गव, प्रशांत शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे.

शायर शोएब अली ख़ान 'शाद' को दी श्रद्धांजलि

भोपाल, 2 जुलाई. शहर के प्रसिद्ध शायर और मंच संचालक शोएब अली ख़ान 'शाद' के निधन पर मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी में शोक सभा आयोजित की गई. उनका निधन 1 जुलाई की रात हुआ, जिससे साहित्यिक जगत में शोक छा गया. अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी सहित स्टाफ ने उन्हें श्रद्धांजलि दी. उन्होंने कहा कि 'शाद' एक नायाब शायर और सरल स्वभाव के इंसान थे. वे भोपाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अहम हिस्सा रहे. शोक सभा में उनकी आत्मा की शांति और परिवार को संबल देने की प्रार्थना की गई.

नगर में आज

शास्त्रीय संगीत समारोह
समय: सायं 7 बजे से, **स्थान:** भारत भवन

बीएमजी ग्रुप कराओके संगीत
समय: शाम 5 :30 बजे , **स्थान:** पॉलीटेक्निक कॉलेज ऑडिटोरियम

शलाका चित्र प्रदर्शनी
समय: दोपहर 12 बजे, **स्थान:** जनजातीय संग्रहालय

प्रभु जगन्नाथ जी 15 दिन एकांतवास में रहेंगे

▸ भगवान की ज्वर लीला, दर्शन बंद

निज संवाददाता

भोपाल, 2 जुलाई. पुरी परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ को रथ यात्रा से पूर्व 15 दिनों तक गर्भगृह में एकांतवास में रखा जाता है, जिसे 'अनवर काल' कहा जाता है. इस दौरान भगवान को अस्वस्थ मानते हुए उनके सार्वजनिक दर्शन पूरी तरह बंद कर दिए जाते हैं. और मंदिर के पुजारी ही भीतर रहकर सेवा और पूजा-अर्चना करते हैं.

कोलार इस्कॉन मंदिर के पुजारी धर्मेंद्र ने नवभारत को बताया कि इस अवधि में भगवान को सामान्य दिनों की तरह राजभोग नहीं लगाया जाता, बल्कि काढ़ा, खिचड़ी और हल्का भोजन औषधि स्वरूप अर्पित किया जाता है. मान्यता है कि यह सेवा एक बीमार व्यक्ति की तरह सादगी से की जाती है. एकांतवास के दौरान भगवान के मूर्ति पर नया रंग चढ़ाया जाता है, जो विशेष धार्मिक प्रक्रिया का हिस्सा है. परंपरा के अनुसार रथ यात्रा से एक दिन पहले मंदिर के पट पुन: खोल दिए जाएंगे और भक्तों को दर्शन करने का अवसर मिलेगा.

सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 2 जुलाई. लोक शिक्षण संचालनालय ने सत्र 2026-27 के लिए खाली पड़े पदों पर अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था के संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिया है.

बता दें इस बार पूरी भर्ती प्रक्रिया को ऑनलाइन और बेहद पारदर्शी बनाया गया है. साथ ही इसमें ऑफलाइन रोक लगाई गई है. इस बार स्कूलों में खाली पदों की सही जानकारी जुटाने के लिए शाला प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे केवल आवश्यकता के आधार पर ही पोर्टल पर खाली पद दर्ज करें. जानबूझकर या बिना जरूरत के पद दिखाने पर कार्रवाई हो सकती है. पहले चरण में लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म रिक्तियों के अपडेट और जीएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शन का काम 1 जुलाई से शुरू हो चुका है, जो 6 जुलाई तक चलेगा. इसके बाद अलग-अलग चरणों में मेरिट और स्कोर कार्ड के आधार पर शाला विकल्प चयन और आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. नए नियुक्त होने वाले अतिथि शिक्षकों को भी हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य होगा.

सरकारी स्कूलों में ई-अटेंडेंस को लेकर सरकार सख्त

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 2 जुलाई. प्रदेश के सरकारी स्कूलों में डिजिटल हाजिरी यानी ई अटेंडेंस को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने अब बेहद कड़ा रुख अपना लिया है. सरकार की तमाम कोशिशों और चेतावनियों के बाद भी कई शिक्षक इस नियम को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं.

बता दें विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार राज्य में वर्तमान में करीब 90 प्रतिशत शिक्षक ही ई- अटेंडेंस के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं. जिसका मतलब है कि अभी भी दस प्रतिशत शिक्षक डिजिटल हाजिरी नहीं लगा रहे हैं. जिसको नियमों का उल्लंघन मानते हुये लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने सख्त कार्रवाई का आदेश जारी कर दिया है. डीपीआई के आयुक्त अभिषेक सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब उन संकुल प्राचार्यों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी जिन्होंने नियम तोड़ने वाले शिक्षकों का वेतन रोकने के बजाय उनके वेतन आहरण के दस्तावेज आगे बढ़ा दिए हैं. संचालनालय ने ऐसे प्राचार्यों को निलंबित करने कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं.

एमसीयू में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 8 से

भोपाल, 2 जुलाई . माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू), भोपाल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर मीडिया एंड कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स' विषय पर 8 से 17 जुलाई तक दो सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) आयोजित किया जाएगा. यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय और मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) के संयुक्त तत्वावधान में होगा. विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई 2026 सत्र से मीडिया पाठ्यक्रमों में एआई आधारित विषय शामिल किए जा रहे हैं.

भारतीय स्टेट बैंक का 71वां स्थापना दिवस मनाया

भोपाल, 2 जुलाई. देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक का 71वां स्थापना दिवस स्थानीय प्रधान कार्यालय में उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ बैंक डे प्रतिज्ञा के साथ हुआ. मुख्य महाप्रबंधक प्रभाष कुमार सुबुद्धि ने अत्याधुनिक डिजिटल स्क्रीन एवं फायर हाइड्रेंट सिस्टम का उद्घाटन किया. रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में बैंककर्मियों ने रक्तदान किया. रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भारतीय संस्कृति, एसबीआई की गौरवशाली परंपरा को रंगों के माध्यम से जीवंत रूप दिया. समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. नारायण व्यास, एवं सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी एवं पूर्व पुलिस महानिदेशक पवन जैन का मुख्य महाप्रबंधक प्रभाष कुमार सुबुद्धि द्वारा शॉल स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया.

मेहनत से मिली टीम इंडिया में जगह

जूनियर हॉकी टीम में चयनित मोहम्मद कोनैन के ओलंपियन पिता ने कहा

खेल प्रतिनिधि

भोपाल, 2 जुलाई. भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के बेल्जियम दौरे के लिए चुने गए मध्यप्रदेश के फॉरवर्ड मोहम्मद कोनैन दाद की सफलता के पीछे लगातार मेहनत और अनुशासित तैयारी रही है.



उनके पिता और ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी समीर दाद ने बताया कि कोनैन बचपन से ही हॉकी के माहौल में पले-बढ़े है और इंडियन हॉकी टीम में चयनित होकर उन्होंने परिवार की खेल विरासत को आगे बढ़ाया है. फिलहाल वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में टीम के साथ तैयारियों में जुटे हैं. उन्होंने बताया कि कोनैन को कभी अलग से विशेष प्रशिक्षण नहीं दिया गया. जो अनुभव उन्हें अपने खेल करियर, कोचों और हॉकी से मिला, वही उन्होंने बेटे के साथ साझा किया. उन्होंने कहा कि हॉकी ऐसा खेल है, जिसमें सिर्फ फिटनेस काफी नहीं होती. खिलाड़ी के पास रफ्तार, स्टैमिना, खेल की समझ कई तरह की तकनीकी स्किल होना जरूरी है. इन सभी पहलुओं पर लगातार काम करने के बाद ही कोई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच पाता है. कोनैन ने भी इसी प्रक्रिया से गुजर कर भारतीय जूनियर टीम में जगह बनाई.

बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 101 श्रद्धालु रवाना

भोपाल, 2 जुलाई. अमरनाथ में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 101 श्रद्धालुओं का जत्था गुरुवार को अंडमान एक्सप्रेस से रवाना हुआ. इस जत्थे में 40 महिलाएं शामिल हैं. ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस जत्थे का नेतृत्व प्रदीप पटेल, सचिन पटेल किया जाएगा. इसमें समरधा, छान गांव ,औबेदुल्लागंज सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल हैं. इन श्रद्धालुओं को भोपाल स्टेशन पर फूलमाला पहनाकर और तिलक लगाकर रवाना किया.

पौधारोपण कर डॉक्टरों का किया सम्मान

भोपाल, 2 जुलाई (निज संवादाता). डॉक्टर्स डे के अवसर पर नीलबड़ स्थित सुख-शांति भवन में पौधारोपण एवं डॉक्टर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में माथुर वैश्य महिला मंडल, पुराना भोपाल की बहनों ने 31 पौधों का रोपण किया. वरिष्ठ राजयोगिनी बीके नीता दीदी ने कहा कि हर व्यक्ति को पौधारोपण कर उसकी देखभाल करनी चाहिए. इस मौके पर समाजसेवी डॉ. संजीव सहित डॉ. रचना, डॉ. प्रियंका, बीके डॉ. देवयानी, विजय गुप्ता का सम्मान

उपलब्धि ▸ श्रीनगर में जम्मू कश्मीर के खिलाफ खेलेंगे अभ्यास मैच

एमपीसीए इमर्जिंग टीम में भोपाल के चार खिलाड़ी

खेल प्रतिनिधि

भोपाल, 2 जुलाई. मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की इमर्जिंग टीम में भोपाल के चार खिलाड़ियों को जगह मिली है. टीम 7 से 21 जुलाई तक श्रीनगर में रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ चार अभ्यास मैच खेलेगी.

अनिमेष | पृथ्वी राज | तनिष्क | तन्मय

चयनित खिलाड़ियों में तेज गेंदबाज अनिमेष सिंह (विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी) के साथ पृथ्वीराज सिंह तोमर और तनिष्क यादव (फेथ क्रिकेट अकादमी) और तनमय पांडे (अंकुर क्रिकेट अकादमी) से शामिल हैं. यह दौरा आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र की तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है.

एसोसिएशन के मुताबिक खिलाड़ियों का चयन हाल के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है. जम्मू-कश्मीर जैसी मजबूत टीम के खिलाफ अभ्यास मैचों से युवा खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी माहौल में खुद को परखने का मौका मिलेगा. इन मुकाबलों के प्रदर्शन पर आगे की टीम योजनाओं में भी नजर रहेगी. 4 अभ्यास मैच के लिए 2 टीम बनाई गयी है, जिसमें टीम ए में अनिमेष और तनिष्क यादव है, जो पहले दो अभ्यास मैचों के लिए 3 जुलाई शुक्रवार को इंदौर के होलकर स्टेडियम में रिपोर्ट करेंगे. पृथ्वी राज और तन्मय पांडेय अंतिम दो मैचों के लिए 12 जुलाई को टीम से जुड़ेंगे. चयन के बाद अनिमेष सिंह ने प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए पूरे आत्मविश्वास के साथ मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने की बात कही.

भाभा विवि परिसर में छात्रों ने किया पौधारोपण

▸ मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

भोपाल, 2 जुलाई. भाभा विश्वविद्यालय में डिप्लोमा इंजीनियरिंग (सिविल एवं इलेक्ट्रिकल) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. श्याम पाटकार एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. नमिष मेहता की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.

प्राचार्य संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रथम सेमेस्टर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता डॉ. अशोक कुमार झाला ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी. कार्यक्रम में इलेक्ट्रिकल डॉ. आशीष भार्गव, सुरेश गावंडे, विजयकांत पाण्डेय आदि उपस्थित रहे.

एम्स में इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

भोपाल, 2 जुलाई. एम्स भोपाल में डॉक्टर्स डे के अवसर पर एमबीबीएस 2021 बैच के प्रशिक्षु डॉक्टरों के लिए इंटर्नशिप इंडक्शन कार्यक्रम की शुरुआत की गई. कार्यक्रम का उद्देश्य उन्हें अस्पताल में मरीजों की सुरक्षित और बेहतर देखभाल के लिए तैयार करना है. कार्यपालक निदेशक (डॉ.) माधवानन्द कर ने प्रशिक्षु डॉक्टरों को समयपालन, मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार, प्रभावी संवाद और चिकित्सा सेवा के प्रति समर्पण का संदेश दिया. 7 जुलाई तक चलने वाले इस विशेष प्रशिक्षण में स्वास्थ्य योजनाओं, आपातकालीन उपचार, संक्रमण से बचाव तथा विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा.